देवि ! तब तुम्हारा विवाह नहीं हुआ था और मैं अभी युवराज ही था, उन्हीं दिनों की बात है । वर्षा- ऋतु का अत्यन्त सुखद और सुहावना समय था, मैं धनुष- बाण लेकर रथ पर सवार हो शिकार खेलने के लिये सरयू नदी के तट पर गया था। मेरी इन्द्रियाँ मेरे वश में नहीं थीं। मैंने सोचा था कि पानी पीने के लिये घाट पर रात के समय जब कोई उपद्रवकारी भैंसा, मतवाला हाथी अथवा सिंह - व्याघ्र आदि दूसरा कोई हिंसक जन्तु आयेगा तो उसे मारूँगा ।

उस समय वहाँ सब ओर अन्धकार छा रहा था । मुझे अकस्मात् पानी में घड़ा भरने की आवाज सुनायी पड़ी। मेरी दृष्टि तो वहाँ तक पहुँचती नहीं थी, किंतु वह आवाज मुझे हाथी के पानी पीते समय होने वाले शब्द के समान जान पड़ी। तब मैंने यह समझकर कि हाथी ही अपनी सूँड़ में पानी खींच रहा होगा; अत: वही मेरे बाण का निशाना बनेगा। तरकस से एक तीर निकाला और उस शब्द को लक्ष्य करके चला दिया । वह दीप्तिमान् बाण विषधर सर्प के समान भयंकर था।

वह उष: काल की वेला थी। विषैले सर्प के सदृश उस तीखे बाण को मैंने ज्यों ही छोड़ा, त्यों ही वहाँ पानी में गिरते हुए किसी वनवासी का हाहाकार मुझे स्पष्ट रूप से सुनायी दिया। मेरे बाण से उसके मर्म में बड़ी पीड़ा हो रही थी। उस पुरुष के धराशाही हो जाने पर वहाँ यह मानव-वाणी प्रकट हुई - आह! मेरे-जैसे तपस्वी पर शस्त्र का प्रहार कैसे सम्भव हुआ ? मैं तो नदी के इस एकान्त तट पर रात में पानी लेने के लिये आया था। किसने मुझे बाण मारा है ? मैंने किसका क्या बिगाड़ा था ? मैं तो सभी जीवों को पीड़ा देने की वृत्ति का त्याग करके ऋषि जीवन बिताता था, वन में रहकर जंगल फल-मूलों से ही जीविका चलाता था। मुझ-जैसे निरपराध मनुष्य का शस्त्र से वध क्यों किया जा रहा है?

मुझे अपने इस जीवन के नष्ट होने की उतनी चिन्ता नहीं है, मेरे मारे जाने से मेरे माता-पिता को जो कष्ट होगा, उसी के लिए मुझे बारम्बार शोक हो रहा है। मैंने इन दोनों वृद्धों का बहुत समय से पालन-पोषण किया है, अब मेरे शरीर के न रहने पर ये किस प्रकार जीवन-निर्वाह करेंगे ?

ये करुणा भरे वचन सुनकर मेरे मन में बड़ी व्यथा हुई। कहाँ तो मैं धर्म की अभिलाषा रखने वाला था और कहाँ यह अधर्म का कार्य बन गया। उस समय मेरे हाथों में धनुष और बाण छूटकर पृथ्वी पर गिर पड़े। रात में विलाप करते हुए ऋषिका वह करुण वचन सुनकर मैं शोक के वेग से घबरा उठा। मेरी चेतना अत्यन्त विलुप्त सी होने लगी।

मेरे हृदय में दीनता छा गयी, मन बहुत दुखी हो गया। सरयू के किनारे उस स्थान पर जाकर मैंने देखा - 'एक तपस्वी बाण से घायल होकर पड़े हैं। उनकी जटाएँ बिखरी हुई हैं, घड़े का जल गिर गया है तथा सारा शरीर धूल और खून में सना हुआ है। वे बाण से बिंधे हुए पड़े थे। उनकी अवस्था देखकर मैं डर गया, मेरा चित्त ठिकाने नहीं था।

उन्होंने दोनों नेत्रों से मेरी ओर इस प्रकार देखा, मानो अपने तेज से मुझे भस्म कर देना चाहते हो।' वे कठोर वाणी में यों बोले – 'राजन् ! वन में रहते हुए मैंने तुम्हारा कौन–सा अपराध किया था, जिससे तुमने मुझे बाण मारा ? मैं तो माता–पिता के लिए पानी लेने की इच्छा से यहाँ आया था। तुमने एक ही बाण से मेरा मर्म विदीर्ण करके मेरे दोनों अन्धे और बूढ़े माता–पिता को भी मार डाला। वे दोनों बहुत दुबले और अन्धे हैं। निश्चय ही प्यास से पीड़ित होकर वे मेरी प्रतीक्षा में बैठे होंगे। वे देर तक मेरे आगमन की आशा लगाये दु:खदायिनी प्यास लिये बाट जोहते रहेंगे।

अत: रघुकुल नरेश ! अब तुम्हीं जाकर शीघ्र ही मेरे पिता को यह समाचार सुना दो। राजन् ! यह पगडण्डी उधर ही गयी है, जहाँ मेरे पिता का आश्रम है। तुम जाकर उन्हें प्रसन्न करो, जिससे वे कुपित होकर तुम्हें शाप न दें। राजन् ! मेरे शरीर से इस बाण को निकाल दो। यह तीखा बाण मेरे मर्म स्थान को उसी प्रकार पीड़ा दे रहा है, जैसे नदी के जल का वेग उसके कोमल बालुकामय ऊँचे तट को छिन्न–भिन्न कर देता है।'

मुनिकुमार की यह बात सुनकर मेरे मन में यह चिन्ता समायी कि यदि बाण नहीं निकालता हूँ तो इन्हें क्लेश होता है और निकाल देता हूँ तो ये अभी प्राणों से भी हाथ धो बैठते हैं। इस प्रकार बाण को निकालने के विषय में मुझ दीन–दुखी और शोकाकुल दशरथ की इस चिन्ता को उस समय मुनिकुमार ने लक्ष्य दिया। यथार्थ बात को समझ लेने वाले उन महर्षि ने मुझे अत्यन्त ग्लानि में पड़ा हुआ देख बड़े कष्ट से कहा – 'राजन्! मुझे बड़ा कष्ट हो रहा है। मुझसे कोई चेष्टा नहीं बन पाती। अब मैं मृत्यु के समीप पहुँच गया हूँ, फिर भी धैर्य के द्वारा शोक को रोककर अपने चित्त को स्थिर करता हूँ, अब मेरी बात सुनो – मुझसे ब्रह्महत्या हो गयी – इस चिन्ता को अपने हृदय से निकाल दो। राजन् ! मैं ब्राह्मण नहीं हूँ, इसलिये तुम्हारे मन में ब्राह्मण वध को लेकर कोई व्यथा नहीं होनी चाहिये। नरश्रेष्ठ! मैं वैश्य पिता द्वारा शूद्रजातीय माता के गर्भ से उत्पन्न हुआ हूँ।'

बाण के मर्म में आघात पहुँचने के कारण वे बड़े कष्ट से इतना ही कह सके। उनकी आँखे घूम रही थी। उनसे कोई चेष्टा नहीं बनती थी। वे पृथ्वी पर पड़े–पड़े छटपटा रहे थे और अत्यन्त कष्ट का अनुभव करते थे। इस अवस्था में मैंने उनके शरीर से उस बाण को निकाल दिया। फिर तो अत्यन्त दीन होकर उन तपोवन ने मेरी ओर देख करके अपने प्राण त्याग दिये।

पानी में गिरने के कारण उनका सारा शरीर भीग गया था। मर्म में आघात लगने के कारण बड़े कष्ट से विलाप करके और बारम्बार उच्छ्‌वास लेकर उन्होंने प्राणों का त्याग किया था। कल्याणी कौसल्ये ! उस अवस्था में सरयू के तट पर मरे पड़े मुनिपुत्र को देखकर मुझे बड़ा दु:ख हुआ।

उस महर्षि के अनुचित वध का स्मरण करके धर्मात्मा रघुकुल नरेश ने अपने पुत्र के लिये विलाप करते हुए ही रानी कौशल्या से इस प्रकार कहा – 'देवि ! अनजान में यह महान् पाप कर डालने के कारण मेरी सारी इन्द्रियाँ व्याकुल हो रही थीं। मैं अकेला ही बुद्धि लगाकर सोचने लगा, अब किस उपाय से मेरा कल्याण हो ?'

तदन्तर उस घड़े को उठाकर मैंने सरयू के उत्तम जल से भरा और उसे लेकर मुनिकुमार के बताये हुए मार्ग से उनके आश्रम पर गया। वहाँ पहुँचकर मैंने उनके दुबले, अन्धे और बूढ़े माता–पिता को देखा, जिनका दूसरा कोई सहायक नहीं था। उनकी अवस्था पंख कटे हुए दो पक्षियों के समान थी।

मेरे पैरों की आहट सुनकर वे मुनि इस प्रकार बोले – 'बेटा! देर क्यों लगा रहे हो ? शीघ्र पानी ले आओ। हम असहाय हैं, तुम्हीं हमारे सहायक हो। हम अन्धे हैं, तुम्हीं हमारे नेत्र हो। हम लोगों के प्राण तुम्हीं में अटके हुए हैं। बताओ, तुम बोलते क्यों नहीं हो ?' मुनि को देखते ही मेरे मन में भय–सा समा गया। मेरी जबान लड़खड़ाने लगी। किसी प्रकार अस्पष्ट वाणी में मैंने बोलने का प्रयास किया।

मैंने कहा – 'महात्मन्! मैं आपका पुत्र नहीं, दशरथ नाम का एक क्षत्रिय हूँ। मैंने अपने कर्मवश यह ऐसा कलंक पाया है, जिसकी सत्पुरुषों ने सदा निन्दा की है। भगवन् ! मैं धनुष बाण लेकर सरयू के तट पर आया था। मेरे आने का उद्देश्य यह था कि कोई जंगली हिंसक पशु अथवा हाथी

घाट पर पानी पीने के लिए आये तो मैं उसे मारूँ।'

थोड़ी देर बाद मुझे जल में घड़ा भरने का शब्द सुनायी पड़ा। मैंने समझा कि कोई हाथी आकर पानी पी रहा है, इसलिये उस पर बाण चला दिया। फिर सरयू के तट पर जाकर देखा कि मेरा बाण एक तपस्वी की छाती में लगा है और वे मृतप्राय होकर धरती पर पड़े है। उस बाण से उन्हें बड़ी पीड़ा हो रही थी, अत: उस समय उन्हीं के कहने से मैंने सहसा वह बाण उनके मर्म-स्थान से निकाल दिया। बाण निकलने के साथ ही वे तत्काल स्वर्ग सिधार गये। मरते समय उन्होंने आप दोनों पूजनीय अन्धे पिता-माता के लिये बड़ा शोक और विलाप किया था। इस प्रकार अनजान में मेरे हाथ से आपके पुत्र का वध हो गया है। ऐसी अवस्था में मेरे प्रति जो शाप या अनुग्रह शेष हो, उसे देने के लिए आप महर्षि मुझ पर प्रसन्न हों।'

मैंने अपने मुँह से अपना पाप प्रकट कर दिया था, इसलिये मेरी क्रूरता से भरी हुई वह बात सुनकर भी वे पूज्यपाद महर्षि मुझे कठोर दण्ड-भस्म हो जाने का शाप नहीं दे सके। उनके मुख पर आँसुओं की धारा बह चली और वे शोक से मूर्च्छित होकर दीर्घ नि:श्वास लेने लगे। मैं हाथ जोड़े उनके सामने खड़ा था।

उस समय उन महातेजस्वी मुनि ने मुझसे कहा - 'राजन्! यदि यह अपना पाप कर्म तुम स्वयं यहाँ आकर न बताते तो शीघ्र ही तुम्हारे मस्तक के सैकड़ों-हजारों टुकड़े हो जाते। नरेश्वर यदि क्षत्रिय जान-बूझकर विशेषत: किसी वानप्रस्थी का वध कर डाले तो वह वज्रधारी इन्द्र ही क्यों न हो, वह उसे अपने स्थान से भ्रष्ट कर देता है। तुमने अनजान में यह पाप किया है, इसीलिये अभी तक जीवित हो। यदि जान-बूझकर किया होता तो समस्त रघुवंशियों का कुल ही नष्ट हो जाता, अकेले तुम्हारी तो बात ही क्या है ?'

उन्होंने मुझसे यह भी कहा - 'नरेश्वर! तुम हम दोनों को उस स्थान पर ले चलो, जहाँ हमारा पुत्र मरा पड़ा है। इस समय हम उसे देखना चाहते हैं। यह हमारे लिए उसका अन्तिम दर्शन होगा।'

तब मैं अकेला ही अत्यन्त दु:ख में पड़े हुए उन दम्पती को उस स्थान पर ले गया, जहाँ उनका पुत्र काल के अधीन होकर पृथ्वी पर अचेत पड़ा था। उसके सारे अंग खून से लथपथ हो रहे थे, मृगचर्म और वस्त्र बिखरे पड़े थे। मैंने पत्नी सहित मुनि को उनके पुत्र के शरीर का स्पर्श कराया।

वे दोनों तपस्वी अपने उस पुत्र का स्पर्श करके उसके अत्यन्त निकट जाकर उसके शरीर पर गिर पड़े। फिर पिता ने पुत्र को सम्बोधित करके उससे कहा - 'अब कौन ऐसा है, जो कन्द, मूल और फल लाकर मुझ अकर्मण्य, अन्नसंग्रह से रहित और अनाथ को प्रिय अतिथि की भाँति भोजन करायेगा। बेटा! तुम्हारी यह तपस्विनी माता अन्धी, बूढ़ी, दीन तथा पुत्र के लिए उत्कण्ठित रहने वाली है। मैं स्वयं अन्धा होकर इसका भरण-पोषण कैसे करूँगा ? पुत्र ठहरो, आज यमराज के घर न जाओ। कल मेरे और अपनी माता के साथ चलना। बेटा! तुम निष्पाप हो, किन्तु एक पापकर्मा क्षत्रिय ने तुम्हारा वध किया है, इस कारण मेरे सत्य के प्रभाव से तुम शीघ्र ही उन लोकों में जाओ, जो अस्त्रयोधी शूरवीरों को प्राप्त होते हैं। बेटा! युद्ध में पीठ न दिखाने वाले शूरवीर सम्मुख युद्ध में मारे जाने पर जिस गति को प्राप्त होते हैं, उसी उत्तम गति को तुम भी जाओ। हम जैसे तपस्वियों के इस कुल में पैदा हुआ कोई पुरुष बुरी गति को नहीं प्राप्त हो सकता। बुरी गति तो उसकी होगी, जिसने मेरे बान्धवरूप तुम्हें अकारण मारा है ?'

इस प्रकार वे दीनभाव से बारम्बार विलाप करने लगे। तत्पश्चात् अपनी पत्नी के साथ वे पुत्र को जलांजलि देने के कार्य में प्रवृत्त हुए। इसी समय वह धर्मज्ञ मुनिकुमार अपने पुण्य कर्मों के प्रभाव से दिव्य रूप धारण करके शीघ्र ही इन्द्र के साथ स्वर्ग को जाने लगा।

इन्द्र सहित उस तपस्वी ने अपने दोनों बूढ़े पिता-माता को एक मुहूर्त तक आश्वासन देते हुए उनसे बातचीत की, फिर वह अपने पिता से बोला - 'मैं आप दोनों की सेवा में महान् स्थान को प्राप्त हुआ हूँ, अब आप लोग भी शीघ्र ही मेरे पास आ जायेगा।' यह कहकर वह जितेन्द्रिय मुनिकुमार उस सुन्दर आकार वाले दिव्य विमान से शीघ्र ही देवलोक को चला गया। तदनन्तर पत्नी सहित उन महातेजस्वी

तपस्वी मुनि ने तुंरत ही पुत्र को जलांजलि देकर हाथ जोड़े खड़े हुए मुझसे कहा – 'राजन्! तुम आज ही मुझे भी मार डालो, अब मरने में मुझे कष्ट नहीं होगा। मेरे एक ही बेटा था, जिसे तुमने अपने बाण का निशाना बनाकर मुझे पुत्रहीन कर दिया। तुमने प्रमादवश जो मेरे बालक की हत्या की है, उसके कारण मैं तुम्हें भी अत्यन्त भयंकर एवं भलीभाँति दु:ख देने वाला शाप दूँगा। राजन्! इस समय पुत्र के वियोग से मुझे जैसा कष्ट हो रहा है, ऐसा ही तुम्हें भी होगा। तुम भी पुत्र शोक से ही काल के गाल में जाओगे। नरेश्वर! क्षत्रिय होकर अनजान में तुमने वैश्य जातीय मुनि का वध किया है, इसलिए तुम्हें ब्रह्महत्या का पाप तो नहीं लगेगा, तथापि जल्दी ही तुम्हें भी ऐसी ही भयानक और प्राण लेने वाली अवस्था प्राप्त होगी।'

इस प्रकार मुझे शाप देकर वे बहुत देर तक करुणाजनक विलाप करते रहे; फिर वे दोनों पति-पत्नी अपने शरीरों को जलती हुई चिता में डालकर स्वर्गको चले गये।

देवि! इस प्रकार बाल स्वभाव के कारण मैंने पहले शब्दवेधी बाण मारकर और फिर उस मुनि के शरीर से बाण को खींचकर जो उनका वधरूपी पाप किया था, वह आज इस पुत्र वियोग की चिन्ता में पड़े हुए मुझे स्वयं ही स्मरण हो आया है।

देवि! अपथ्य वस्तुओं के साथ अन्नरस ग्रहण कर लेने पर जैसे शरीर में रोग पैदा हो जाता है, उसी प्रकार कल्याणि! उस उदार महात्मा का शाप-रूपी वचन इस समय मेरे पास उस पाप कर्म का फल देने के लिये आ गया है।'

[वाल्मीकीय रामायण]

❑❑❑

ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा

एक भारतीय परिवार के लोग जापान की राजधानी टोक्यो के एक होटल में ठहरे। जब वे बाजार गये तो उन्हें वहाँ आकर्षक जूते दिखायी दिये। उन्होंने बच्चे के लिये एक जोड़ी जूते खरीद लिये। होटल लौटने पर उन्हें पता चला कि जूते कहीं गिर गये।

यह सोचकर कि जूते कोई उठाकर ले गया होगा, उन्होंने जूते ढूँढ़ने का कोई प्रयास नहीं किया।

रात दस बजे होटल में उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया गया, दरवाजा खोला तो एक पुलिस वाले को देखकर उनको आश्चर्य हुआ। उसने उस भारतीय सज्जन को जूतों का बण्डल दिखाते हुए पूछा कि 'क्या यह आपका है ?'

भारतीय सज्जन ने आश्चर्य से पूछा- 'आपको कैसे पता चला कि वे जूते हमारे हैं ?'

पुलिस वाले ने बताया कि सड़क पर पड़े जूतों को अनेक लोगों ने देखा, परंतु किसी ने उठाया नहीं। उसने बण्डल उठा लिया। खोलकर देखा तो बच्चे के जूते थे। जूतों के स्वामी का पता लगाने के लिये वह ऐसे जूते बेचने वाले दुकानदार से मिला। उसने बताया कि कुछ देर पहले उसने ये जूते एक भारतीय व्यक्ति को बेचे थे। पुलिस वाले ने कई होटलों में फोन करके भारतीय परिवार का पता लगा लिया और वह वहाँ पहुँच गया। इस प्रकार जूते उनके स्वामी तक पहुँचा दिये गये।

कृतज्ञ भारतीय ने उसे धन्यवाद देते हुए कहा – 'मैं समझ गया कि परमाणु बम के हमलों के बाद भी आज यह राष्ट्र इतना समृद्ध और विकसित क्यों है, यह आप लोगों को कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का परिणाम है।'

❑❑❑

तुम्हारा मन किन्हीं बुरे विचारों में भटकने न पाए इसलिए उसे सदैव किसी न किसी काम में अटकाए रखो अर्थात् उसे बेकार न रहने दो।

– अर्थवेद

गंगा अवतरण का पर्व गंगा दशहरा

गंगा दशहरा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। हर साल ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। इस तिथि को गंगा दशहरा या गंगावतरण भी कहा जाता है। इसी दिन मां गंगा का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था। भारत में गंगा नदी को बहुत पवित्र माना जाता है और उन्हें माता का दर्जा प्राप्त है।

ऐसी मान्यता है कि गंगा केवल जीवनदायिनी ही नहीं बल्कि वह सभी पापों को नष्ट करती है और मोक्ष की प्राप्ति करवाती है। भारत में गंगा को मां के रूप में पूजा जाता है, 'गंगा मां' क्योंकि उनमें जीवन को बनाने, संरक्षित करने और नष्ट करने की क्षमता है, जो हिंदू त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान शक्तियों को दर्शाती है।

हर साल, भारत में करोड़ों हिंदू गंगा दशहरा मनाते हैं, ऐसा माना जाता है कि गंगा दशहरा वह दिन है जब देवी गंगा स्वर्ग से धरती पर उतरी थीं। गंगा दशहरा पर गंगा स्नान का बहुत महत्व है। कहा जाता है कि कोई भी धार्मिक कार्य गंगा जल के बिना अधूरा माना जाता है। गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान करने से जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं।

गंगां वारि मनोहारि मुरारिचरणच्युतं ।
त्रिपुरारिशिरश्चारि पापहारि पुनातु मां ।।

अर्थ : गंगा का जल, जो मनोहारी है, विष्णु के श्रीचरणों से जिनका जन्म हुआ है, जो त्रिपुरारी के शीश पर विराजित हैं, जो पापहारिणी हैं, हे मां तू मुझे शुद्ध कर !

गंगा अवतरण की पौराणिक कथा :-

गंगा अवतरण की जो कथा विभिन्न पुराणों में एवं महाभारत में भी वर्णित है, वह कथा संक्षेप में यह है कि गंगा नदी को भगीरथ ने स्वर्ग (हिमालय त्रिविष्टप) से धरती पर उतारा था। मान्यता है कि गंगा श्रीहरि विष्णु के चरणों से निकलकर भगवान शिव की जटाओं (शिवालिक की जटानुमा पहाड़ी) में आकर बस गई थी। पौराणिक गाथाओं के अनुसार भगीरथी नदी गंगा की उस शाखा को कहते हैं, जो गढ़वाल (उत्तरप्रदेश) में गंगोत्री से निकलकर देवप्रयाग में अलकनंदा में मिल जाती है व गंगा का नाम प्राप्त करती है।

ब्रह्मा से लगभग 23वीं पीढ़ी बाद और राम से लगभग 14वीं पीढ़ी पूर्व भगीरथ हुए। भगीरथ ने ही गंगा को पृथ्वी पर उतारा था। इससे पहले उनके पूर्वज सगर ने भारत में कई नदी और जलराशियों का निर्माण किया था। उन्हीं के कार्य को भगीरथ ने आगे बढ़ाया। पहले हिमालय के एक क्षेत्र विशेष को देवलोक कहा जाता था। राजा सगर ने खुद को अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए अश्व मेध यज्ञ का आयोजन किया। इस खबर से देवराज इन्द्र को चिन्ता सताने लगी कि कहीं उनका सिंहासन न छिन जाए।

इन्द्र ने यज्ञ के अश्व को चुराकर कपिल मुनि के आश्रम के एक पेड़ से बाँध दिया। जब सगर को अश्व नहीं मिला तो उसने अपने 60 हजार बेटों को उसकी खोज में भेजा। उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में वह अश्व मिला। यह मानकर कि कपिल मुनि ने ही उनके घोड़े को चुराया है, वो पेड़ से घोड़े की रस्सी खोलते हुए शोर कर रहे थे। उनके शोरगुल से मुनि के ध्यान में बाधा उत्पन्न हो रही थी। जब उन्हें पता चला कि इनकी सोच है कि मैने घोड़ा चुराया है तो वे अत्यन्त क्रोधित हुए। उनकी क्रोधाग्नि वाली एक दृष्टि से ही वे सारे राख के ढेर में बदल गए।

वे सभी अन्तिम संस्कारों की धार्मिक क्रिया के बिना ही राख में बदल गए थे। इसलिए वे प्रेत के रूप में भटकने लगे। उनके एकमात्र जीवित बचे भाई आयुष्मानि ने कपिल मुनि से याचना की वे कोई ऐसा उपाय बताएँ जिससे उनके अन्तिम संस्कार की क्रियाएँ हो सकें ताकि वो प्रेत आत्मा से मुक्ति पाकर स्वर्ग में जगह पा सकें। मुनि ने कहा कि इनकी राख पर से गंगा प्रवाहित करने से इन्हें मुक्ति मिल जाएगी। गंगा को धरती पर लाने के लिए ब्रह्मा से प्रार्थना करनी होगी। कई पीढ़ियों बाद सगर के कुल के भगीरथ ने हजारों सालों तक कठोर तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने गंगा को धरती पर उतारने की भगीरथ की मनोकामना पूरी कर दी।

अन्ततः भगीरथ की तपस्या से गंगा प्रसन्न हुई और उनसे वरदान माँगने के लिया कहा। भगीरथ ने हाथ जोड़कर कहा कि माता! मेरे साठ हजार पुरखों के उद्धार हेतु आप पृथ्वी पर अवतरित होने की कृपा करें। इस पर गंगा ने कहा वत्स! मैं तुम्हारी बात मानकर पृथ्वी पर अवश्य आऊँगी,

किन्तु मेरे वेग को भगवान शिव के अतिरिक्त और कोई सहन नहीं कर सकता। इसलिये तुम पहले भगवान शिव को प्रसन्न करो।यह सुन कर भगीरथ ने भगवान शिव की घोर तपस्या की और उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी हिमालय के शिखर पर गंगा के वेग को रोकने के लिये खड़े हो गये। गंगा जी स्वर्ग से सीधे शिव जी की जटाओं पर जा गिरीं। इसके बाद भगीरथ गंगा जी को अपने पीछे-पीछे अपने पूर्वजों के अस्थियों तक ले आये जिससे उनका उद्धार हो गया। भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार करके गंगा जी सागर में जा गिरीं और अगत्स्य मुनि द्वारा सोखे हुये समुद्र में फिर से जल भर गया।

और तब गंगा भगीरथी के नाम से धरती पर आईं। उन राख के ढेरों से गुजरते हुए गंगा ने जहनु मुनि के आश्रम को डुबो दिया। गुस्से में आकर मुनि ने गंगा को लील लिया। एक बार फिर भगीरथ को मुनि से गंगा को मुक्त करने हेतु प्रार्थना करनी पड़ी। इस तरह गंगा बाहर आईं और अब वो जाह्नवी कहलाईं। इस तरह से गंगा का धरती पर बहना शुरू हुआ और लोग अपने पाप धोने उसमें पवित्र डुबकी लगाने लगे।

व्यवहारिक सन्दर्भ :

पौराणिक कथाओं का वास्तविकता से क्या सम्बन्ध हैं और क्या वे प्रामाणिक हैं, यह प्रश्न अक्सर आम जनमानस में उठता है, परन्तु यह जानना जरुरी है की महाभारत में या पुराणों में जितनी भी कथाएं हैं वे समस्त वेदों को विस्तार देने के लिए बनाई गयी हैं जो कुछ तो बिम्बात्मक ढंग से वेद की बातों को पहुँचाने के लिए है। कुछ भारत में जो घटित हुआ उसका इस प्रकार कथानक के रूप में दिया गया कि लोग उसमे रूचि लें और जाने, उस समय कोई लिखित साहित्य नहीं होता था, या तो श्रुति ग्रन्थ होते थे या स्मृति ग्रन्थ होते थे। लिपि का आविष्कार बहुत बाद में हुआ, उसके बाद से ग्रंथों का लिपि बद्ध होना प्रारंभ हुआ।

भारत में प्रथम लिपि ब्राह्मी मानी गयी है जो कि उनके अनुसार ईसा से 600 वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई, हम इसको स्वीकार भी कर लें तो यह मानना ही पड़ेगा कि इसके पहले का इतिहास जो लिखित नहीं था वह था तो अवश्य, इसी क्रम में पौराणिक कथाएं रोचक कहानियों में परिवर्तित हो गयी, आज भी जब हमें बच्चों को कोई बात कहनी होती है तो परियों की, जानवरों की कथाओं में परिवर्तित करके बताते हैं ताकि बच्चों की रूचि बनी रहे, ठीक वैसे ही पुरातन काल में जब कुछ लोग ही आचार्य थे वे जन जन तक उद्देश्यात्मक बातों को रुचिकर बनाने हेतु इस प्रकार कथा में गढ़ते थे।

गंगा के बारे में मान्यताएं और उनका वैज्ञानिक आधार-

गंगा की शुचिता हेतु धार्मिक आधार पर कई नियम भी बनाये गए ताकि यह अमृत सलिला कभी प्रदूषित न हो। जैसे घाटों की निरंतर सफाई, इसमें मल मूत्र त्यागने की मनाही, कुछ कार्य गंगा में ही किये जाते हैं जैसे अस्थि विसर्जन। इसके पीछे भी बहुत बड़ा वैज्ञानिक आधार माना गया है, अस्थियों में कैल्शियम होता है जो भूमि को उर्वरक बनाता है, जब गंगा के जल के साथ यह अस्थियाँ तट की भूमि पर आती है तो यह भूमि उर्वरक हो जाती है इसी लिए अस्थि विसर्जन हरिद्वार या प्रयाग में उचित माना गया है ताकि यहाँ से आगे बहने वाले पूरे कृषि क्षेत्र में गंगा जल सिंचित करती है और भूमि उर्वरक होती रहे।

वैज्ञानिक संभावनाओं के अनुसार गंगाजल में पारा अर्थात मर्करी विद्यमान होता है जिससे हड्डियों में कैल्शियम और फॉस्फोरस पानी में घुल जाता है, जो जल-जंतुओं के लिए एक पौष्टिक आहार है। वैज्ञानिक दृष्टि से हड्डियों में गंधक (सल्फर) विद्यमान होता है, जो पारे के साथ मिलकर पारद का निर्माण करता है, इसके साथ-साथ ये दोनों मिलकर मरकरी सल्फाइड सॉल्ट का निर्माण करते हैं। हड्डियों में बचा शेष कैल्शियम पानी को स्वच्छ रखने का काम करता है। धार्मिक दृष्टि से पारद शिव का प्रतीक है और गंधक शक्ति का प्रतीक है। सभी जीव अंततः शिव और शक्ति में ही विलीन हो जाते हैं।

इतना पवित्र है गंगा जल :

इसका वैज्ञानिक आधार सिद्ध हुए वर्षों बीत गए। वैज्ञानिकों के अनुसार नदी के जल में मौजूद बैक्टीरियोफेज नामक जीवाणु गंगाजल में मौजूद हानिकारक सूक्ष्म जीवों को जीवित नहीं रहने देते अर्थात ये ऐसे जीवाणु हैं, जो गंदगी और बीमारी फैलाने वाले जीवाणुओं को नष्ट कर देते हैं। इसके कारण ही गंगा का जल नहीं कभी भी सड़ता है।

भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। इसका जल घर में शीशी या

प्लास्टिक के डिब्बे आदि में भरकर रख दें तो बरसों तक खराब नहीं होता है और कई तरह के पूजा-पाठ में इसका उपयोग किया जाता है। ऐसी आम धारणा है कि मरते समय व्यक्ति को यह जल पिला दिया जाए तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा जल में प्राणवायु की प्रचुरता बनाए रखने की अदभुत क्षमता है। इस कारण पानी से हैजा और पेचिश जैसी बीमारियों का खतरा बहुत ही कम हो जाता है।

गौर से देखने से ऐसा परिलक्षित होता है कि आज का भारतवर्ष और भारतीयों की प्रसन्नता सचमुच गंगा की ही देन है। मनुष्यों को मुक्ति देने वाली अतुलनीय गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हुआ था ।संसार की सर्वाधिक पवित्र नदी गंगा के पृथ्वी पर आने अर्थात अवतरित होने का पर्व गंगा दशहरा है । वैसे तो प्रतिदिन ही पापमोचनी, स्वर्ग की नसैनी गंगा का स्नान एवं पूजन पुण्यदायक है और प्रत्येक अमावस्या एवं अन्य पर्वों पर भक्तगण दूर-दूर से आकर गंगा में स्नान-ध्यान, नाम-जप-स्मरण कर मोक्ष प्राप्ति की कामना करते हैं , परन्तु गंगा दशहरा के दिन गंगा में स्नान-ध्यान, दान, तप, व्रतादि की अत्यंत महिमा पुराणिक ग्रन्थों में गायी गई है ।

गंगा नदी स्नान नियम -

गंगा दशहरा पर गंगा नदी में स्नान करते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। ऐसा नहीं करने से अशुभ फलों की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं कि गंगा स्नान करते समय कौन-सी गलतियां नहीं करनी चाहिए।

- गंगा नदी में स्नान करने के बाद घर लौटकर दोबारा स्नान नहीं करना चाहिए। ऐसा करना अपशकुन माना जाता है।
- गंगा नदी के किनारे मल-मूत्र का त्याग नहीं करना चाहिए। नदी में स्नान करने से पहले या बाद में उसमें गंदे कपड़े नहीं धोने चाहिए। यह अकाल मृत्यु का कारण भी बनता है। धार्मिक दृष्टि से यह ब्रह्महत्या के समान माना जाता है।
- गंगा नदी में स्नान समय साबुन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आप नदी की पवित्रता को भंग करते हैं और पाप के भागी बनते हैं।
- नदी में स्नान करने के दौरान कुल्ला भी नहीं करना चाहिए। ये कार्य अशुभ माने जाते हैं, इससे व्यक्ति पाप का भागीदार बनता है।

आईये हम संकल्प लें कि जिस पवित्र अमृतमयी गंगा को भागीरथ ने हमे सौंपा था उसे उसी अवस्था में लाकर भागीरथ के प्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रदूषण ग्रषित गंगा जो हरिद्वार तक आते आते इतनी प्रदूषित हो चुकी थी कि स्नान के लायक भी नहीं थी। सरकार, संस्थाओं और जन सामान्य के सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप अब जल विशेषज्ञों ने घोषित किया है कि गंगा इतनी शुद्ध हो चुकी है कि इसमें हम स्नान कर सकते हैं। अत: प्रकृति से सीख लें और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए अपनी इस धरोहर रूपी माँ गंगा का संरक्षण करें।

❑❑❑

पृष्ठ 18 का शेष.......

करता है कि संसार में जो छोड़ने योग्य वस्तु है, उसे उसने पूर्ण रूप से जान लिया है। संसार में छोड़ने योग्य दु:ख है जिसके स्वरूप को वह ठीक प्रकार से जान पाने में समर्थ हो जाता है जबकि लौकिक व्यक्ति दुःख के स्वरूप को ठीक प्रकार से नहीं जानता ।

उपसंहार - अष्टांग योग के आठों अंगों के सविस्तार वर्णन से यह स्पष्ट हो जाता है कि व्यक्ति योग को अपनाकर न केवल जीवनमुक्त अवस्था को प्राप्त कर लेता है वरन् दु:ख के स्वरूप को जान पाने की सामर्थ्य आ जाने के कारण दु:खों से मुक्त हो जाता है ।इसके साथ ही योग मार्ग अपनाकर व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ जीवन जीता है, किसी भी प्रकार की शारीरिक तथा मानसिक व्याधि उसके पास नहीं फटकती । शारीरिक व मानसिक सुस्वास्थ्य की कुंजी तो उसे योग के प्रथम दो अंगों - यम और नियम के पालन से ही मिल जाती है । पाँच यम - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और पाँच नियम - शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्रणिधान, जिनका विस्तृत विवरण पूर्व में दिया जा चुका है, का यदि व्यक्ति पूर्ण ईमानदारी के साथ पालन करता है तो महर्षि पतंजलि का अष्टांग योग उसके स्वस्थ जीवन की गारन्टी देता है ।

क्रमश:

- शिवराज शर्मा, भजन गंज, अजमेर

रथ यात्रा दिवस पर विशेष

जगन्नाथ यात्रा का सांस्कृतिक महत्व

प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को सम्पूर्ण भारत में निकाली जाने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा की परम्परा लगभग बारह सौ वर्ष पुरानी है । उड़ीसा के पुरी में स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के संबध में मान्यता है कि राजा इंद्रद्युम्न ने शबर राजा से भगवान विष्णु के अवतार जगन्नाथ महाप्रभु की प्रतिमा प्राप्त कर 7वीं शताब्दी के लगभग मूल मंदिर में स्थापित की, जिसका पुनरूद्धार 12वीं शताब्दी में गंगावंश के राजा अनंतवर्मन चोड़गंगदेव ने करवाया।

उन्हीं के शासनकाल में प्रथम रथयात्रा का आयोजन हुआ। स्कंदपुराण और पुरूषोत्तम महात्म्य में भी इसका वर्णन मिलता है । गत कई वर्षों से प्रमुख तौर पर पुरी के साथ-साथ देशभर में और विदेशों में भी धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व की रथयात्रा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है । पुरी में यह यात्रा श्रीजगन्नाथ मंदिर से गुंडिचा मंदिर तक जाती है।

दस दिन चलने वाले यात्रा उत्सव में स्नान यात्रा, नेत्र उत्सव, बहुड़ा यात्रा, सुना बेशा आदि प्रमुख रीति-रिवाजों का निर्वहन होता है । प्रथम दिन जगन्नाथ महाप्रभु के साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पवित्र लकड़ी से बनी प्रतिमाओं को भव्य हस्तनिर्मित रथों पर विराजमान कर यह यात्रा निकाली जाती है। इन मूर्तियों को प्रत्येक 12 वर्ष में बदला जाता है जिसे नव कलेवर परम्परा कहते हैं। दसवें दिन यात्रा मंदिर में लौटकर पूर्ण होती है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर जगन्नाथ प्रभु का जन्मदिन होता है। इस दिन भगवान को बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ शाही स्नान कराया जाता है। स्नान से प्रभु को ज्वर हो जाता है इसलिए वे 15 दिन तक ओसरघर कहे जाने वाले विशेष कक्ष में एकांत विश्राम करते हैं । फिर प्रभु बाहर आते हैं और भाई-बहन के साथ नगर भ्रमण हेतु रथ पर सवार होकर निकलते हैं ।

पद्मपुराण के अनुसार प्रभु जगन्नाथ अपनी बहन और भाई के साथ अपनी मौसी के यहाँ गुंडिचा में जाते हैं, वहाँ बीमार होने पर कुछ दिन विश्राम के उपरान्त रथों पर सवार होकर प्रजा से मिलने जाते हैं । एक किंवदन्ती यह भी है कि श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा जब मायके आती है तो नगर भ्रमण की इच्छा व्यक्त करती है, तब बलराम और श्रीकृष्ण उन्हें रथ पर लेकर जाते हैं।

श्रीजगन्नाथ पुरी में रथ यात्रा की तैयारियां अक्षय तृतीया से आरंभ हो जाती हैं। हर वर्ष अलग सज्जा से नए बनाए जाने वाले तीनों रथ में प्रभु का रथ नंदीघोष या कपिलध्वज, बलभद्र का रथ तालध्वज और सुभद्रा का रथ पद्मध्वज कहलाता है। तीनों रथों का रंगविन्यास क्रमशः लाल-पीला, लाल-हरा और लाल-नीला होता है। रथ पवित्र नीम और हांसी वृक्ष की लकड़ी से बनाए जाते हैं, किसी कील या धातु का उपयोग नहीं होता। इन रथों के निर्माण और इनके कारीगरों के लिए भी विशिष्ट विधान निर्धारित हैं । रथों को हजारों भक्त हाथों से रस्सी के माध्यम से खींचते हैं। कहा जाता है कि रथ खींचने से हजार यज्ञ का पुण्यलाभ मिलता है।

❑❑❑

पृष्ठ 13 का शेष.......

स्वर्ण के साथ संयुक्त होकर अग्नि उसकी धातु सम्बन्धी मलिनता आदि दोषों को नष्ट कर डालती है, वैसे ही हृदय में आये हुए भगवान् विष्णु उसके समस्त अशुभ संस्कारों को नष्ट कर देते हैं।

परंतु भगवान् का चिन्तन तभी होगा, जब 'विषयों में सुख है'-यह भ्रम हमारे मन से सर्वथा निकल जायगा और यह निश्चय हो जायगा कि सुख तो एकमात्र श्रीभगवान् में ही है। किसी वस्तु का यथार्थ त्याग मनुष्य तभी करता है, जब वह समझ लेता है कि यह वस्तु सुख नहीं वरं नित्य नये-नये दु:ख ही देने वाली है। और यह दोष वैसे ही प्रत्यक्ष निश्चय के रूप में आ जाना चाहिये, जैसे हमारा यह निश्चय है कि संखिया या अफीम खाने से हमारी मृत्यु हो जायगी। बहुत बड़े धन का लालच देने पर भी मनुष्य अफीम या संखिया नहीं खाता।

❑❑❑

दसवीं पुतली प्रभावती की कथा

दसवें दिन फिर राजा भोज उस दिव्य सिंहासन पर बैठने के लिए उद्यत हुए लेकिन पिछले दिनों की तरह इस बार दसवीं पुतली प्रभावती जाग्रत हो गई और बोली, रुको राजन, क्या तुम स्वयं को विक्रमादित्य के समान समझने लगे हो? पहले उनकी तरह पराक्रमी और दयालु होकर बताओ तब ही इस सिंहासन पर बैठने के अधिकारी होंगे। सुनो, मैं तुम्हें परम प्रतापी राजा विक्रमादित्य की कथा सुनाती हूं।

एक बार राजा विक्रमादित्य शिकार खेलते-खेलते अपने सैनिकों की टोली से काफी आगे निकलकर जंगल में भटक गए। उन्होंने इधर-उधर काफी खोजा, पर उनके सैनिक उन्हें नज़र नहीं आए। उसी समय उन्होंने देखा कि एक सुदर्शन युवक एक पेड़ पर चढ़ा और एक शाखा से उसने एक रस्सी बांधी। रस्सी में फंदा बना था उस फन्दे में अपना सर डालकर झूल गया। विक्रम समझ गए कि युवक आत्महत्या कर रहा है। उन्होंने युवक को नीचे से सहारा देकर फंदा उसके गले से निकाला तथा उसे समझाया कि आत्महत्या कायरता है और अपराध भी है। इस अपराध के लिए राजा होने के नाते वे उसे दण्डित भी कर सकते हैं। युवक उनकी रोबीली आवाज तथा वेशभूषा से ही समझ गया कि वे राजा हैं, इसलिए भयभीत हो गया।

राजा ने उसे सहलाते हुए कहा कि वह एक स्वस्थ और बलशाली युवक है फिर जीवन से निराश क्यों हो गया। अपनी मेहनत के बल पर वह आजीविका की तलाश कर सकता है। उस युवक ने उन्हें बताया कि उसकी निराशा का कारण जीविकोपार्जन नहीं है और वह विपन्नता से निराश होकर आत्महत्या का प्रयास नहीं कर रहा था।

राजा ने जानना चाहा कि कौन सी ऐसी विवशता है जो उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित कर रही है। उसने बताया कि वह कलिंगा का रहने वाला है तथा उसका नाम वसु है। एक दिन वह जंगल से गुजर रहा था कि उसकी नजर एक सुन्दर लड़की पर पड़ी। वह उसके रुप पर इतना मोहित हुआ कि उसने उससे उसी समय प्रणय निवेदन कर डाला।

उसके प्रस्ताव पर लड़की हंस पड़ी और उसने उसे बताया कि वह किसी से प्रेम नहीं कर सकती क्योंकि उसके भाग्य में प्रेम करना नहीं लिखा है। दरअसल वह एक राजकुमारी है जिसका जन्म ऐसे नक्षत्र में हुआ कि उसका पिता ही उसे कभी नहीं देख सकता। अगर उसके पिता ने उसे देखा, तो तत्क्षण उसकी मृत्यु हो जाएगी।

इसलिए उसके जन्म लेते ही उसके पिता ने नगर से दूर एक सन्यासी की कुटिया में भेज दिया और उसका पालन पोषण उसी कुटिया में हुआ। उसका विवाह भी उसी युवक से संभव है जो असंभव को संभव करके दिखा दे। उस युवक को जिसे मुझसे शादी करनी है खौलते तेल के कड़ाह में कूदकर जिन्दा निकलकर दिखाना होगा।

उसकी बात सुनकर वसु उस कुटिया में गया जहां उसका निवास था। वहां जाने पर उसने कई अस्थि पंजर देखे जो उस राजकुमारी से विवाह के प्रयास में खौलते कड़ाह के तेल में कूदकर अपनी जानों से हाथ धो बैठे थे।

वसु की हिम्मत जवाब दे गई। वह निराश होकर वहां से लौट गया। उसने उसे भुलाने की लाख कोशिश की, पर उसका रूप सोते-जागते, उठते-बैठते हर समय आंखों के सामने आ जाता है। उसकी नींद उड़ गई। उसे खाना-पीना नहीं अच्छा लगता। अब प्राणान्त कर लेने के सिवा उसके पास कोई चारा नहीं बचा।विक्रम ने उसे समझाना चाहा कि उस राजकुमारी को पाना सचमुच असंभव है, इसलिए वह उसे भूलकर किसी और को जीवन संगिनी बना ले, लेकिन युवक नहीं माना। उसने कहा कि विक्रम ने उसे व्यर्थ ही बचाया। उन्होंने उसे मर जाने दिया होता, तो अच्छा होता।

विक्रम ने उससे कहा कि आत्महत्या पाप है, और यह पाप अपने सामने वह नहीं होता देख सकते। उन्होंने उसे वचन दिया कि वे राजकुमारी से उसका विवाह कराने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। फिर उन्होंने मां काली द्वारा प्रदत्त दोनों बेतालों का स्मरण किया। दोनों बेताल पलक झपकते ही उपस्थित हुए तथा कुछ ही देर में उन दोनों को लेकर उस कुटिया में आए जहां राजकुमारी रहती थी। वह बस कहने को कुटिया थी। राजकुमारी की सारी सुविधाओं का ख्याल रखा गया था। नौकर-चाकर थे। राजकुमारी का मन लगाने के लिए सखी-सहेलियां थीं। तपस्वी से मिलकर

शेष पृष्ठ 30 पर......

महाबली भीमसेन

भीमसेन कुंती का दूसरा पुत्र था। इसका जन्म पवन देवता के संयोग से हुआ था, इसी कारण इसमें पवन की-सी शक्ति थी। इसके उदर में वृक नामक तीक्ष्ण अग्नि थी, इसीलिए इसका नाम वृकोदर भी पड़ा। जिस समय इसका जन्म हुआ, उसी समय आकाशवाणी हुई थी कि भीमसेन वीरों में श्रेष्ठ होगा और यह बड़े-बड़े सेनानियों को पराजित करने की क्षमता रखेगा। इसकी देह वज्र के समान कठोर थी। कहा जाता है कि एक बार माता कुंती इसको गोद में लेकर बैठी थी। यह सो रहा था। उसी समय सामने से एक व्याघ्र चला आया। उसे देखकर कुंती घबराकर उठ बैठी। अचानक उठने के कारण भीम नीचे चट्टान पर गिर पड़ा, लेकिन फिर भी उसके शरीर पर किसी प्रकार की चोट नहीं आई।

वह बचपन में ही इतना पराक्रमी था कि मोटे तने वाले पेड़ों को अकेला ही हिला दिया करता था। जब कौरव वाटिका में खेलने जाते थे तो वह भी वहां पहुंच जाता था और पेड़ों पर चढ़े हुए कौरवों को पेड़ हिलाकर नीचे गिरा दिया करता था। विशेष रूप से दुर्योधन को वह बहुत ही परेशान किया करता था। इसी से दुर्योधन तथा अन्य कौरव उससे बड़ी ईर्ष्या करते थे। इसी ईर्ष्या के कारण दुर्योधन ने तो एक बार उसे मारने के लिए मिठाई में विष मिलाकर उसको खिला दिया था। इसके पश्चात दुर्योधन उसको बहकाकर जल-क्रीड़ा करने ले गया। जल के भीतर ही भीम बेहोश हो गया और पानी में डूब गया। दुर्योधन ने और ऊपर से एक लात मार दी। पाताल में जाकर वह नागकुमारी के ऊपर गिरा तो उन्होंने उसको डस लिया। इससे उसका पहले का विष उतर गया, क्योंकि एक विष दूसरे विष का असर मिटाता है। जब विष उतरने के पश्चात उसकी बेहोशी टूटी, तो वह वहां नागकुमारों को मारने-पीटने लगा। उन्होंने जाकर नागराज वासुकि से शिकायत की। नागराज ने भीमसेन को पहचान लिया और उसकी अच्छी तरह आवभगत की। नागों ने उसको अमृत दिया, जिसे पीकर वह वहां आठ दिन तक सोता रहा और फिर उठकर अपने भाइयों के पास आ गया।

जब दुर्योधन का यह उपाय भी निष्फल चला गया तो लाक्षागृह में उसने भीम तथा अन्य पाण्डवों को मारना चाहा, लेकिन यह कुचक्र भी बेकार चला गया। सभी पांडव सुरंग बनाकर आग लगने से पहले ही उस गृह से निकल गए थे। फिर अंत में महायुद्ध के समय दुर्योधन ने उसको मारना चाहा था। पुरानी ईर्ष्या के कारण ही तो उसने अपने साथ द्वंद्व युद्ध करने के लिए उसको छांटा था, लेकिन वहां भी उसका इरादा पूरा नहीं हो सका। भीमसेन ने आखिर उसका काम तमाम कर ही डाला। हां, यह अवश्य है कि यदि कृष्ण तरकीब नहीं बताते तो शायद दुर्योधन को पराजित करना बहुत कठिन पड़ता। दुर्योधन भी तो बलदाऊ का शिष्य था।

भीमसेन के पराक्रम का दूसरा उदाहरण हमें उस समय मिलता है, जब वह राक्षस हिडिंब के साथ द्वंद्व युद्ध करता है। हिडिंब बड़ा ही भयानक और पराक्रमी राक्षस था। यह भीमसेन के ही बस की बात थी कि उसको पराजित करके उसकी बहन हिडिंबा से शादी कर ली। पहले तो कुंती ने इस शादी के लिए आज्ञा नहीं दी, लेकिन हिडिंबा के प्रार्थना करने पर भीम को अनुमति मिल गई। शर्त यह थी कि एक पुत्र होते तक ही भीम उसके साथ रहेगा। हिडिंबा से पैदा हुआ घटोत्कच भी इतना पराक्रमी था कि एक बार तो इसने कौरव-सेना के छक्के छुड़ा दिए थे। उसने आकाश में आग बरसाना प्रारंभ कर दिया था। कौरव-सेना का उसने इतना भीषण विनाश किया कि कर्ण को आखिरकार उसके ऊपर इंद्र की दी हुई अमोघ शक्ति छोड़नी पड़ी, तब वह मरा। साधारण अस्त्र-शस्त्र तो उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाए।

हिडिंब राक्षस ने बाद में कितनी ही बार भीमसेन से बदला लेने की कोशिश की, लेकिन उसका सारा प्रयत्न निष्फल गया था। जिन राक्षसों को भी वह भेजता था, उन्हें ही भीम मार डालता था। एकचक्रा नगरी में रहते समय उसने बक नामक राक्षस को मारा था और इस तरह वहां के निवासियों के संकट का निवारण किया था।

गिरिव्रज में जाकर उसने जरासंध को युद्ध करके पछाड़ा था। वह महान योद्धा भी था। राजसूय यज्ञ से पहले उसने पांचाल, विदेह, गण्डक और दशार्ण प्रभृति देशों पर विजय प्राप्त करके पुलिन्ह नगर के स्वामी सुकुमार, चेदिराज,

शिशुपाल, कुमार राज्य के स्वामी श्रेणिमान, कोशल देश के राजा वृहद्बल, अयोध्यापति दीर्घयज्ञ और काशीराज सुबाहु प्रभृति से कर वसूल किया था। इसके पश्चात उत्तर दिशा पर चढ़ाई करके मोदा–गिरि और गिरिव्रज आदि के राजाओं को तथा शक, बर्बर और समुद्र तट के निवासी म्लेच्छ आदि को वश में कर लिया था।

भीमसेन बड़े ही क्रोधी स्वभाव का था। धैर्य उसमें अधिक नहीं था। परिस्थिति की गंभीरता को भी वह अधिक नहीं समझता था। जुए में सबकुछ हार चुकने के पश्चात जिस समय युधिष्ठिर चुपचाप बैठे थे और द्रौपदी का भरी सभा में अपमान किया जा रहा था तो भीमसेन से रहा नहीं गया। जब दुर्योधन ने द्रौपदी को बिठाने के लिए अपनी जांघ खोली तो भीमसेन ने पुकार कर कहा, 'हे दुष्ट दुर्योधन! मैं युद्ध में तेरी इस जांघ को तोड़ूंगा।' इसी प्रकार दु:शासन से भी उसने कहा था कि, 'दु:शासन ! आज तू हमारी पत्नी द्रौपदी को नंगी करके उसका अपमान करना चाहता है, लेकिन मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि इसके बदले तेरा सीना फाड़कर उसके भीतर से रक्त को समर–भूमि में पीऊंगा।'

भीम ने अपनी दोनों प्रतिज्ञाओं को पूरा किया। दु:शासन उसी के हाथ से मारा गया था। उसके रक्त से उसने द्रौपदी के केशों को भिगोया था। बड़ी ही क्रूर प्रवृत्ति वाला था भीम। एक बार निश्चय कर लेने के पश्चात शत्रु के प्रति दया का भाव उसके हृदय में कभी नहीं आता था। अर्जुन और युधिष्ठिर की तरह वह कभी स्वजनों की मृत्यु पर दुखी नहीं हुआ। वह प्रारंभ से कौरवों को दुष्ट हृदय समझता था और अंत तक उसकी घृणा उनके प्रति बनी रही। उसके चरित्र में दार्शनिकता बिलकुल नहीं थी। वह तो कार्य करना जानता था, उसके आगे या पीछे सोचना उसे नहीं भाता था।

अपने भाई युधिष्ठिर का वह आज्ञाकारी सेवक था। उसका विरोध उसने जीवन में कभी नहीं किया। अग्रज ने उचित–अनुचित जो कुछ भी किया, उसे ही भीम ने स्वीकार कर लिया। कठिन से कठिन परिस्थिति के सामने भी झुकना वह नहीं जानता था। बनवास के समय एक दिन द्रौपदी के सामने हवा से उड़कर एक फूल आ गिरा था। उसकी सुगंध की ओर आकर्षित होकर द्रौपदी ने भीमसेन से वैसे ही और फूल लाने के लिए कहा। यद्यपि वह उन फूलों का उत्पत्ति स्थल नहीं जानता था, लेकिन उनकी खोज में निकल पड़ा। रास्ते में हनुमान जी से भेंट हो गई। उनको न पहचान कर उसने उनके साथ एक साधारण बंदर का–सा व्यवहार किया। जब हनुमान जी ने अपना वास्तविक रूप दिखाया, तब उसने उनको प्रणाम किया। इसके पश्चात उनसे पूछकर वह कुबेर के बगीचे में पहुंचा, जहां द्रौपदी के बताए वैसे अनेक फूल खिल रहे थे। बागवानों ने मना किया और कुबेर के नाम की धमकी भी दी, लेकिन वह माना नहीं और वहां से बहुत से फूल तोड़कर द्रौपदी के पास ले आया।

द्रौपदी की भीम ने अनेक बार रक्षा की थी। एक बार जटासुर द्रौपदी को उठाकर ले गया था, तब उस असुर को मारकर भीम ने द्रौपदी की रक्षा की थी। फिर जब जयद्रथ उसको उठाकर ले गया था तो उसी ने अर्जुन के साथ मिलकर द्रौपदी को छुड़वाया था और जयद्रथ को बुरी तरह पराजित किया था। उस समय यदि युधिष्ठिर नहीं रोकता तो वह जयद्रथ को जीवित नहीं छोड़ता।

अज्ञातवास के समय भी भीम ने अपना पराक्रम दिखाया। वह उस समय वल्लभ नामधारी रसोइया था। द्रौपदी का नाम सैरंध्री था। राजा विराट का सेनापति और साला कीचक द्रौपदी को बड़ा तंग करता था। उससे क्रुद्ध होकर वल्लभ नामधारी भीम ने कीचक को मार डाला था। वह द्रौपदी की करुण अवस्था देख नहीं सका था, इसीलिए भावावेश में आकर इस काम को कर गया था, वैसे देखा जाए तो अज्ञातवास के समय यह करना उचित नहीं था।

दूसरे दिन जब सुशर्मा ने विराट के ऊपर आक्रमण कर दिया था, तो विराट उससे सामना करने गए थे। उस समय सुशर्मा के सैनिकों ने विराट को बंदी बना लिया था। जब भीम को यह पता चला तो भाइयों को लेकर वह युद्ध–स्थल पहुंचा और उसने सुशर्मा को बुरी तरह मारकर राजा विराट को मुक्त करा लिया।

भीम के पराक्रम के संबंध में धृतराष्ट्र के वाक्य सुनने योग्य हैं। धृतराष्ट्र ने इसके पराक्रम से भयभीत होकर एक बार कहा था, 'भीमसेन के भय के मारे मुझे रात को नींद नहीं आती। इंद्र तुल्य तेजस्वी भीम का सामना कर सकने वाला एक आदमी भी मुझे अपनी ओर दिखाई नहीं पड़ता। वह बड़ा उत्साही, क्रोधी, उद्दण्ड, टेढ़ी नजर से देखने वाला

और कठोर स्वर वाला है। न तो वह कभी साधारण रूप में हंसी-दिल्लगी करता है और न कभी वैर को ही भूलता है। एकाएक वह कुछ भी कर बैठता है। अपने प्रतिशोध की आग को शांत करने के लिए वह कठिन से कठिन और क्रूर से क्रूर कार्य करने को तत्पर हो जाता है। उससे मेरे पुत्रों को बड़ा भय है। व्यास जी ने मुझे बताया है कि अद्वितीय शूर और बली भीमसेन गोरे रंग का, ताड़ के वृक्ष जैसा ऊंचा है। वह वेग में घोड़े से और बल में हाथी से बढ़कर है।'

धृतराष्ट्र के इस कथन से भीम के चरित्र पर काफी प्रकाश पड़ता है। यह तो उसके बारे में सत्य है कि भावावेश ही उसमें अधिक था। बुद्धि का प्रयोग वह कम ही करता था। यद्यपि वनवास भोगने के लिए वह अग्रज के साथ कष्टपूर्ण जीवन बिताता रहा, लेकिन जब उसको युधिष्ठिर पर क्रोध आया तो वह बिना किसी हिचकिचाहट के कहने लगा, 'भाई ! राजा लोग जो धन आपको भेंट में दे गए थे, वह सब आपने दांव पर लगा दिया। धन-धान्य को ही नहीं, बल्कि हम सभी को भी आपने जुए में दांव पर लगा दिया। आपकी इस सारी बात को मैंने चुपचाप सह लिया और वह भी इसलिए कि आप हमारे अग्रज हैं, लेकिन अब द्रौपदी को इस तरह भरी सभा में अपमानित होते मैं नहीं देख सकता। आप इसे चुपचाप बैठकर सह रहे हैं? क्या आपका हृदय नहीं है? जुआरियों के घर में वेश्याएं होती हैं, उन्हें भी वे दांव पर नहीं लगाते, लेकिन आपका व्यवहार तो निराला है, जो आपने अपनी पत्नी तक को अपमानित होने के लिए दांव पर लगा दिया है। मैं इसको कभी सहन नहीं कर सकता। जिन हाथों से आपने यह जुआ खेला है और यह सर्वनाश किया है, उन्हीं को मैं जला दूंगा।' यह कहकर उसने सहदेव को आग लाने के लिए आज्ञा दी। वह सचमुच ही युधिष्ठिर के हाथों को जलाने के लिए उतारू हो गया था। यह उसका भावावेश ही था।

वह पूरी तरह सरल स्वभाव का व्यक्ति था। छल-कपट में वह विश्वास नहीं करता था। बात को सीधे कहने में ही उसका विश्वास था। पुत्रों के मारे जाने पर धृतराष्ट्र जब युधिष्ठिर के आश्रम में रहकर जी खोलकर दान-पुण्य किया करते थे तो भीमसेन कभी-कभी एकाध लगती हुई बात कह देता था। बात कहकर वह इस बात की परवाह नहीं करता था कि वृद्ध धृतराष्ट्र के हृदय पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

इस तरह हम देखते हैं कि भीमसेन के चरित्र की महानता उसकी सरल हृदयता में है। उसका पराक्रम तो बड़े-बड़े योद्धाओं को चकित कर देता है। आठ बार उसने द्रोणाचार्य के रथों को उठाकर तोड़ डाला था। जब कभी वह सेना के बीच मारकाट करता निकल जाता था तो ऐसा लगता था, मानो कोई सिंह साधारण प्राणियों के बीच घुस आया हो। अपनी गदा के प्रहारों से वह कुछ ही क्षणों में असंख्य सैनिकों को पृथ्वी पर सुला देता था।

❑❑❑

पृष्ठ 27 का शेष.......

विक्रमादित्य ने वसु के लिए राजकुमारी का हाथ मांगा। तपस्वी ने राजा विक्रमादित्य का परिचय पाकर कहा कि अपने प्राण वह राजा को सरलता से अर्पित कर सकता है, पर राजकुमारी का हाथ उसी युवक को देगा जो खौलते तेल से सकुशल निकल आए। बस यह शर्त पूरी होनी चाहिए।

राजा विक्रम ने उसे बताया कि वे खुद ही इस युवक के स्थान पर कड़ाह में कूदने को तैयार हैं तो तपस्वी का मुंह विस्मय से खुला रह गया। तभी राजकुमारी अपनी सहेलियों के साथ वहां आई। वह सचमुच अप्सराओं से भी ज्यादा सुन्दर थी।

खैर, विक्रम ने तपस्वी से कहकर कड़ाह भर तेल की व्यवस्था करवाई। जब तेल एकदम खौलने लगा, तो मां काली को स्मरण कर विक्रम तेल में कूद गए। खौलते तेल में कूदते ही उनके प्राण निकल गए और शरीर भुनकर स्याह हो गया। मां काली अपने भक्त को इस तरह कैसे मरने देती। उन्होंने बेतालों को विक्रम को जीवित करने की आज्ञा दी। बेतालों ने अमृत की बून्दें उनके मुंह में डालकर उन्हें जिंदा कर दिया। जीवित होते ही उन्होंने वसु के लिए राजकुमारी का हाथ मांगा। राजकुमारी के पिता को खबर भेज दी गई और दोनों का विवाह धूम-धाम से सम्पन्न हुआ।

इतना कहकर प्रभावती खामोश हो गई। राजा भोज समझ गए कि विक्रम के इस अतुलनीय त्याग का उनके पास कोई जवाब नहीं है। और लौट गए अपने कक्ष की तरफ। अगले दिन 11वीं पुतली त्रिलोचना ने रोका राजा को और सुनाई विक्रमादित्य की सुंदर कथा।

❑❑❑

पंचतंत्र से प्रेरक कहानी

झगड़ालू मेंढक

एक कुंए में बहुत से मेंढक रहते थे। उनके राजा का नाम था गंगदत्त। गंगदत्त बहुत झगड़ालू स्वभाव का था। आसपास दो तीन और भी कुंए थे। उनमें भी मेंढक रहते थे। हर कुंए के मेंढकों का अपना राजा था। हर राजा से किसी न किसी बात पर गंगदत्त का झगड़ा चलता ही रहता था। वह अपनी मूर्खता से कोई गलत काम करने लगता और बुद्धिमान मेंढक रोकने की कोशिश करता तो मौका मिलते ही अपने पाले गुंडे मेंढकों से पिटवा देता। कुंए के मेंढकों में भीतर ही भीतर गंगदत्त के प्रति रोष बढता जा रहा था। घर में भी झगडों से चैन न था। अपनी हर मुसीबत के लिए दोष देता।

एक दिन गंगदत्त पड़ौसी मेंढक राजा से खूब झगड़ा। खूब तू-तू मैं-मैं हुई। गंगदत्त ने अपने कुंए आकर बताया कि पड़ौसी राजा ने उसका अपमान किया है। अपमान का बदला लेने के लिए उसने अपने मेंढकों को आदेश दिया कि पड़ौसी कुंए पर हमला करें। सब जानते थे कि झगडा गंगदत्त ने ही शुरु किया होगा। कुछ सयाने मेंढकों तथा बुद्धिमानों ने एकजुट होकर एक स्वर में कहा ''राजन, पड़ौसी कुंए में हमसे दुगने मेंढक हैं। वे स्वस्थ व हमसे अधिक ताकतवर हैं। हम यह लड़ाई नहीं लडेंगे।''

गंगदत्त सन्न रह गया और बुरी तरह तिलमिला गया। मन ही मन में उसने ठान ली कि इन गद्दारों को भी सबक सिखाना होगा। गंगदत्त ने अपने बेटों को बुलाकर भड़काया ''बेटा, पड़ौसी राजा ने तुम्हारे पिताश्री का घोर अपमान किया है। जाओ, पड़ौसी राजा के बेटों की ऐसी पिटाई करो कि वे पानी मांगने लग जाएं।''

गंगदत्त के बेटे एक दूसरे का मुंह देखने लगे। आखिर बड़े बेटे ने कहा ''पिताश्री, आपने कभी हमें टर्राने की इजाजत नहीं दी। टर्राने से ही मेंढकों में बल आता है, हौसला आता है और जोश आता है। आप ही बताइए कि बिना हौसले और जोश के हम किसी की क्या पिटाई कर पाएंगे?''

अब गंगदत्त सबसे चिढ गया। एक दिन वह कुढता और बडबडाता कुंए से बाहर निकल इधर-उधर घूमने लगा। उसे एक भयंकर नाग पास ही बने अपने बिल में घुसता नजर आया। उसकी आंखें चमकी। जब अपने दुश्मन बन गए हों तो दुश्मन को अपना बनाना चाहिए। यह सोच वह बिल के पास जाकर बोला ''नागदेव, मेरा प्रणाम।''

नागदेव फुफकारा ''अरे मेंढक मैं तुम्हारा बैरी हूं। तुम्हें खा जाता हूं और तू मेरे बिल के आगे आकर मुझे आवाज दे रहा है।''

गंगदत्त टर्राया ''हे नाग, कभी-कभी शत्रुओं से ज्यादा अपने दुख देने लगते हैं। मेरा अपनी जाति वालों और सगों ने इतना घोर अपमान किया है कि उन्हें सबक सिखाने के लिए मुझे तुम जैसे शत्रु के पास सहायता मांगने आना पडा है। तुम मेरी दोस्ती स्वीकार करो और मजे करो।'' नाग ने बिल से अपना सिर बाहर निकाला और बोला ''मजे, कैसे मजे?'' गंगदत्त ने कहा ''मैं तुम्हें इतने मेंढक खिलाऊंगा कि तुम मुटाते-मुटाते अजगर बन जाओगे।''

नाग ने शंका व्यक्त की ''पानी में मैं जा नहीं सकता। कैसे पकडूंगा मेंढक?'' गंगदत्त ने ताली बजाई ''नाग भाई, यहीं तो मेरी दोस्ती तुम्हारे काम आएगी। मैंने पड़ौसी राजाओं के कुंओं पर नजर रखने के लिए अपने जासूस मेंढकों से गुप्त सुरंगें खुदवा रखी हैं। हर कुंए तक उनका रास्ता जाता हैं। सुरंगें जहां मिलती हैं वहां एक कक्ष है। तुम वहां रहना और जिस-जिस मेंढक को खाने के लिए कहूं, उन्हें खाते जाना।''

नाग गंगदत्त से दोस्ती के लिए तैयार हो गया। क्योंकि उसमें उसका लाभ ही लाभ था। एक मूर्ख बदले की भावना में अंधे होकर अपनों को दुशमन के पेट के हवाले करने को तैयार हो तो दुश्मन क्यों न इसका लाभ उठाए?

नाग गंगदत्त के साथ सुरंग के कक्ष में जाकर बैठ गया। गंगदत्त ने पहले सारे पड़ौसी मेंढक राजाओं और उनकी प्रजाओं को खाने के लिए कहा। नाग कुछ सप्ताहों में सारे

दूसरे कुंओं के मेढकों को सुरंगों के रास्ते जा-जाकर खा गया। जब सब समाप्त हो गए तो नाग गंगदत्त से बोला ''अब किसे खाऊं? जल्दी बता। चौबीस घंटे पेट फुल रखने की आदत पड गई है।''

गंगदत्त ने कहा ''अब मेरे कुंए के सभी स्यानों और बुद्धिमान मेंढकों को खाओ।'' वह खाए जा चुके तो प्रजा की बारी आई। गंगदत्त ने सोचा ''प्रजा की ऐसी तैसी। हर समय कुछ न कुछ शिकायत करती रहती है। उनको खाने के बाद नाग ने खाना मांगा तो गंगदत्त बोला ''नागमित्र, अब केवल मेरा कुनबा और मेरे मित्र बचे हैं। खेल खत्म और मेंढक हजम।''

नाग ने फन फैलाया और फुफकारने लगा ''मेंढक, मैं अब कहीं नही जाने का। तू अब खाने का इंतजाम कर वर्ना हिस्स।'' गंगदत्त की बोलती बंद हो गई। उसने नाग को अपने मित्र खिलाए फिर उसके बेटे नाग के पेट में गए। गंगदत्त ने सोचा कि मैं और मेंढकी जिन्दा रहे तो बेटे और पैदा कर लेंगे। बेटे खाने के बाद नाग फुफकारा ''और खाना कहां है? गंगदत्त ने डरकर मेंढकी की ओर इशारा किया। गंगदत्त ने स्वयं के मन को समझाया ''चलो बूढी मेंढकी से छुटकारा मिला। नई जवान मेंढकी से विवाह कर नया संसार बसाऊंगा।''

मेंढकी को खाने के बाद नाग ने मुंह फाडा ''खाना।'' गंगदत्त ने हाथ जोडे ''अब तो केवल मैं बचा हूं। तुम्हारा दोस्त गंगदत्त। अब लौट जाओ। नाग बोला ''तू कौन-सा मेरा मामा लगता है और उसे हडप गया।''

सीख : अपनों से बदला लेने के लिए जो शत्रु का साथ लेता है उसका अंत निश्चित है।

❑❑❑

पृष्ठ 14 का शेष.......

लिए अति सरल एवं रुचिकर है। यह ग्रंथ समाज के लिए बहुत उपयोगी, मार्गदर्शक, निर्देशक व ज्ञानाभिवृद्धि में सर्वाधिक सहायक सिद्ध होगा, यह हमारा दृढ़मत है। वेदों की व्याख्या, भाष्य व समीक्षा तथा महर्षि गौतम के कृतित्व व व्यक्तित्व को प्रस्तुत करने वाले अनेकानेक ग्रंथ उपलब्ध है। परन्तु डॉ. शास्त्री द्वारा प्रणीत यह ग्रंथ बेजोड़ है और अपने आप में अपूर्व है। डॉ. शास्त्री का सृजनात्मक गुण, गंभीर स्वाध्याय, अनुपम लेखन शैली, विचारोत्तेजक भाषा के कारण एक स्थापित लेखक, समीक्षक, विचारक और चिन्तक मनीषी के रुप में दिव्य व भव्य स्वरूप हमारे सामने समुपस्थित होता है। हम ऐसे लेखक की गरिमा व आलोक मंडल से स्वयं भी आलोकित हुए बिना नहीं रह सकते।

सम्मानीय प्रो. डॉ. इन्द्रदेव शास्त्री की सम्पूर्ण योजना को क्रियान्वित करने में उनके परम सहयोगी, सुप्रसिद्ध समाजसेवी, प्रख्यात व्यवसायी श्री रामनाथ जी उपाध्याय का उल्लेखनीय सहयोग रहा है। श्री रामनाथ जी उपाध्याय गुर्जर गौड़ के जाने पहचाने हस्ताक्षर है। देश की किसी भी सुदूर कोने में समाज का सम्मेलन हो, कोई कार्यक्रम हो, सामूहिक विवाह हो या परिचय सम्मेलन हो, श्री रामनाथ जी मुस्कुराहट बिखेरते हुए धवल वस्त्रों में अवश्य दृष्टिगोचर हो ही जाते थे। स्थानीय इकाई से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक, पुष्कर से लेकर हरिद्वार तक, पाली से लेकर हैदराबाद तक सक्रिय परन्तु विनम्र कार्यकर्ता के रुप में अपनी निराली पहचान रखते हैं। उन्होंने इस ग्रंथ के प्रकाशन का बीड़ा उठाया और प्रकाशित कर दिया, जो स्वागत योग्य है।

'वेद मन्त्रों के मन्त्रदृष्टा ऋषि गौतम' ग्रंथ के लेखक व संकलनकर्ता प्रो. डॉ. इन्द्रदेव जी शास्त्री प्रकाशक श्री रामनाथ मोतीलाल जी उपाध्याय (हैदराबाद) को हम अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा तथा श्री पुष्कर गौतमाश्रम शताब्दी समारोह का आयोजक होने के नाते पुष्कर ट्रस्ट समिति की तरफ से हार्दिक बधाई, धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित करते हैं।

- सीताराम जोशी

शर्मा परिवार की ओर से
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीकान्त शर्मा, संदीप, प्रदीप, मुदित, तनिश, चार्विक
एवं समस्त शर्मा परिवार

Mateshwari Textile
Mateshwari Enterprises
Mateshwari Creation

Specialist in

All Type of Printing, Dyeing Export Garment,
Domestic Fabrics Printed Garment,
Fabrics Scarves, Stoles, Pario, Bandana etc.

E-225-A, MIA, Phase 2, Road No. 6, Basni, Jodhpur
Mob. : 9414140460, 8854099000, 9414002360
E-mail : sksmt007@gmail.com

Bhaghya Overseas

All type of
Handicrafts Goods in Iron &
Wooden Furniture
(Exports & Domestic)

KHASRA NO. 115, SALAWAS BORANDA ROAD, JODHPUR
Mob. : 9982551856 • E-mail : sandeep171987@gmail.com

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

जवाहरलाल उपाध्याय
संगठन मंत्री, महासभा
ट्रस्टी गौतमाश्रम पुष्कर
ट्रस्टी गौतमाश्रम हरिद्वार
उपाध्यक्ष गौतमाश्रम त्र्यंबकेश्वर
ट्रस्टी अ.भा.म.गौ.शै.पा. न्यास

J L Builders

JDH HARDWARE

जेडी हार्डवेयर

रवि उपाध्याय

गौरव उपाध्याय

गर्वित उपाध्याय

जवाहरलाल उपाध्याय

'गौरव' 76बी, मानसरोवर, शंकर नगर, जोधपुर- 342008 (राज.)

मो. 94141-30222, 96108-30222, 94147-53555, 96601-78191

श्रीमान्

प्राप्त नहीं करने पर निम्न पते पर वापस भेजें :
SHRI PUSHKAR GAUTAM ASHRAM
Pushkar-Ajmer (Raj.)

मुद्रक : श्री आर्य प्रिन्टर्स, केसरगंज, अजमेर फो. 9414336820